हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, शनिवार 12 अप्रैल 2025

9 3 से 6 साल के बच्चों का प्ले वे स्कूल में करवाएं दाखिला



9 डॉग रेस्क्यू सेंटर पर जीव प्रेमियों का हंगामा...



## खबर संक्षेप

### पुल के नीचे पाइप लाइन बिछाने की सामग्री चोरी

**सिरसा।** सदर सिरसा पुलिस ने गांव कालीरावण जिला हिसार निवासी कर्ण सिंह पुत्र रघुबीर सिंह की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। अपनी शिकायत में कर्ण सिंह ने बताया कि वह पब्लिक हेल्थ विभाग में ठेकेदारी करता है। गांव खैरेकां में घग्घर नदी पर पाइप बिछाने का कार्य उसके पास है। उसने बातया कि 28 मार्च की रात्रि को अज्ञात व्यक्ति पुल के नीचे पाईप लाइन बिछाने के लिए प्रयुक्त स्पोर्ट लोहा प्लेट व स्पोर्ट टायर लोहा वजनी 250 किलो चोरी कर ले गए। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 303 के तहत मामला दर्जकर चोर की तलाश शुरू कर दी है।

### दमकल कर्मी को ट्रेक्टर से कुचलने के प्रयास

**सिरसा।** ऐलनाबाद पुलिस ने उप दमकल केंद्र ऐलनाबाद के मांगेराम पुत्र मनीराम की शिकायत पर गांव खारीसुरेरा निवासी सोनू पुत्र होशियार सिंह व होशियार सिंह पुत्र जग्गा सिंह के खिलाफ सरकारी कामकाज में बाधा डालने और एमडीटी छीन लेने के आरोप में मामला दर्ज किया है। शिकायत में बताया कि 10 अप्रैल को रात्रि दस बजे उन्हें डायल 112 से खारीसुरेरा के खेतों में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। जिस पर दमकल केंद्र ऐलनाबाद से दो गाडिय़ा मौके पर रवाना हुई। मांगेराम ने बताया की ड्यूटी के दौरान एमडीटी से घटनास्थल की फोटो व वीडियो लेते समय आरोपी ने उसे ट्रेक्टर से कुचलने की कोशिश की।

### नौकरी का झांसा दे रेहड़ी वाले से दो लाख ठगे

**सिरसा।** सिविल लाइन सिरसा पुलिस ने कीर्तिनगर निवासी सुमन पत्नी गोरधनदास की शिकायत पर रमेश पूनियां पुत्र हरफूल निवासी भट्टू व ओमप्रकाश पुत्र बनवारी लाल निवासी डबवाली के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। अपनी शिकायत में सुमन ने बताया कि उसका पति मानसिक रूप से विकलांग है और रेहड़ी लगाता है। उसने बताया कि उसके भाई की जानकारी ओमप्रकाश से थी। ओमप्रकाश ने उन्हें कहा कि उसके जानकार द्वारा एचकेआरएन में उनके बेटे को नौकरी लगावा देगा और उनकी रमेश पूनियां से मुलाकात करवाई। नौकरी की एवज में दो लाख रुपये की मांग की।

### अहरवां से युवक लापता थाने में केस दर्ज

**फतेहाबाद।** क्षेत्र के गांव अहरवां से एक युवक के लापत होने का समाचार है। इस बारे युवक की पत्नी द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव अहरवां निवासी महिला कोमल ने कहा है कि उसका पति सरजीत 3-4 दिन पहले बिना कुछ कहे घर से चला गया था और उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा है। इस पर उसने काफी जगह उसकी तलाश की लेकिन जब उसका कहीं कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।



आसमान में छाई काली घटाएं

## घनघोर काली घटाओं से दिन में रात-सा अंधेरा बारिश से गेहूं की फसल भीगी, लू से राहत

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते शुक्रवार दोपहर बाद फतेहाबाद में बादल छा गए। उसके बाद तेज आंधी के बाद काली घटनाएं उमड़ आई। इससे शहर में दिन के 3 बजे ही रात जैसा दृश्य बन गया। इसके बाद झमाझम बारिश शुरू हुई जोकि शाम तक चलती रही। आंधी और बारिश के बाद बिजली ठप्प हो गई। खेतों में गेहूं कटाई के लिए लगी कम्बाईनों का काम रोक दिया गया जबकि मण्डियों में आया गेहूं भीग गया। तेज हवाएं चलने से कई जगह खेतों में खड़ी गेहूं की फसल जमीन पर बिछ गई। शुक्रवार को हुई बरसात से पिछले कई दिनों से गर्मी की मार झेल रहे लोगों को काफी राहत मिली और अधिकतम तापमान में 7 डिग्री की गिरावट आई। पिछले कई दिनों से मौसम विभाग ने 14 अप्रैल तक बूंदाबांदी, आंधी और बारिश की संभावना जता रखी थी। शुक्रवार दोपहर को 3 बजे वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के सक्रिय होने से पूरे क्षेत्र में बादल छा गए। आसमान में काली घटाएं छाई रही। देखते ही देखते दिन के 3 बजे ही रात जैसा दृश्य नजर आया। तेज हवाओं से धूल भरी आंधी चली और उसके बाद बरसात शुरू हो गई। बरसात शुरू होते ही पूरे शहर की बिजली ठप्प हो गई। नेशनल हाइवे पर वाहन दिन में ही लाइट जलाकर चलते नजर आए। बरसात से गेहूं कटाई में लगी कम्बाईनों का काम रोक दिया गया। रतिया, टोहाना व कुलां क्षेत्र में आंधी से गेहूं की फसल जमीन पर बिछ गई। बता दें कि इन दिनों गेहूं कटाई का काम शुरू ही हुआ है और मण्डियों में गेहूं आनी भी शुरू हो गई है। शुक्रवार को भी शहर की पुरानी व नई अनाज मण्डी में हजारों की संख्या में गेहूं के बैग आए।

# बरसात व ओलावृष्टि की भेंट चढ़ी गेहूं व सरसों की फसल

## मंडियों में फसल को ढकने के लिए तिरपाल तक की व्यवस्था नहीं,ओलावृष्टि से गेहूं, सरसों व चने की फसल को काफी नुकसान होने का अनुमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिलाभर में शुक्रवार को हुई बरसात व ओलावृष्टि से गेहूं, सरसों व चने की फसल को काफी नुकसान होने का अनुमान है। मंडियों में आई फसल बरसात की भेंट चढ़ गई है। जानकारी के अनुसार जिला की मंडियों व खरीद केंद्रों पर लाखों क्विंटल सरसों व गेहूं की फसल खुले में पड़ी थी जो बारिश में भीग गई। सिरसा, डबवाली, रानियां, कालांवाली व नाथूसरी चोपटा सहित अन्य खरीद केंद्रों में गेहूं भिगने का समाचार है। सिरसा में 16 एमएम बरसात हुई, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में बूंदाबांदी होने के समाचार है। नाथूसरी चौपटा अनाज मंडी व कागदाना खरीद केंद्र में भी गेहूं खुले आसमान के नीचे पड़ा है और बारिश होने से गेहूं को भीगने से नहीं बचाया जा सका है। कुतियाना खरीद केंद्र में भी गेहूं खुले आसमान के नीचे बारिश में भीग गया। उधर कुम्हारिया, कागदाना, गिगोरानी, रामपुरा ढिल्लों, जमाल, कुतियाना, रुपावास, नाथूसरी कलां, जोडकिया, खेड़ी, गुसाईआना सहित कई गांवों में शुक्रवार दोपहर को आई तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि से खेतों में गेहूं और तूड़ी को नुकसान हुआ है। गेहूं की कटाई तो कर ली है अब कढ़ाई का कार्य चल रहा है ऐसे में अगर मौसम साफ रहे तो गेहूं तो मंडियों में पहुंचाया जा सकता है।

### 22000 क्विंटल गेहूं की आवक हुई

*उधर, मार्केट कमेटी के ओक्शन रिकॉर्डर प्रमोद कुमार ने बताया कि नाथुसरी चोपटा अनाज मंडी में अभी तक 22000 क्विंटल गेहूं की आवक हुई है और उठान शुरू नहीं हुआ है, वहीं सरसों की भी 6000 क्विंटल आवक हुई है। बारिश से गेहूं भीगा है। किसान का गेहूं मंडी में पहुंचने के बाद उसको बचाने की जिम्मेदारी आढ़तियों की होती है। यह लाइसेंस देते समय तय किया जाता है कि बारिश से बचाने के लिए तिरपाल व वुडन कैरेट का प्रबंध आढतीयों को ही करना होगा । अगर ज्यादा बारिश होती है तो यह व्यवस्था लागू करवाई जाएगी।*

*--- प्रमोद कुमार ओ*



मंडी में बरसात से भीगी फसल

## फतेहाबाद की दोनों मण्डियों में करीब एक लाख बैग गेहूं की आवक हो चुकी

# हैफेड व एचडब्ल्यूसी को गेहूं खरीद करने से व्यापार मंडल ने रोका

### प्रदेश में गेहूं की खरीद को शुरू हुए 12 दिन हो चुके हैं लेकिन फतेहाबाद की अनाज मण्डियों में गेहूं की सरकारी खरीद शुरू नहीं हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

प्रदेश में गेहूं की खरीद को शुरू हुए 12 दिन हो चुके हैं लेकिन फतेहाबाद की अनाज मण्डियों में अभी तक भी गेहूं की सरकारी खरीद शुरू नहीं हो पाई है। शुक्रवार को खरीद एजेंसी हरियाणा वेयर हाउस व हैफेड की टीम गेहूं की खरीद के लिए मण्डी पहुंची तो व्यापार मंडल ने गेहूं खरीद शुरू करवाने से दो टूक इंकार कर दिया। शुक्रवार तक फतेहाबाद की दोनों मण्डियों में करीब 1 लाख बैग गेहूं की आवक हो चुकी है। व्यापार मंडल के प्रधान जगदीश भादू ने इसकी पुष्टि की है। उधर, डीएफएससी विनीत जैन का कहना है कि उन्होंने वेयर हाऊस को खरीद के लिए फतेहाबाद मण्डी में भेजा था लेकिन उन्हें यह पता नहीं कि खरीद शुरू हुई है या नहीं।

दरअसल फतेहाबाद की अनाज मण्डी में हैफेड व हरियाणा वेयर हाऊस गेहूं खरीद के लिए एजेंसियां नियुक्त की गई हैं। अन्य मंडियों व खरीद केन्द्रों पर डीएफएससी की खरीद का दिन तय है। फतेहाबाद की मण्डी में ऐसा नहीं है। अनाज मण्डी के व्यापार मंडल का कहना है कि डीएफएससी खरीद एजेंसी के बिना गेहूं खरीद पूरी नहीं हो सकती। अगर डीएफएएसी ने खरीद नहीं की तो सारे इंतजाम धरे रह जाएंगे। मण्डियों में जाम लगा रहेगा। किसानों को फसल बेचने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ेगा। इसी मांग पर अड़े व्यापार मंडल ने पिछले दिनों अल्टीमेटम दिया कि अगर डीएफएससी ने खरीद शुरू नहीं की तो वह हड़ताल पर चले जाएंगे और खरीद शुरू नहीं होने देंगे। शुक्रवार तक फतेहाबाद की दोनों मण्डियों में 1 लाख बैग से अधिक गेहूं की आवक हो चुकी है। आज बरसात से गेहूं को नुकसान भी हुआ है। ऐसे में मौसम को देखते हुए किसानों की सांसें फूल रही है। गांव अहलीसदर के किसान मांगेराम का कहना है कि आढ़तियों व खरीद एजेंसियों की आपस में ठनी हुई है। इसमें किसान पिस रहे है। भिरड़ाना के किसान जवाहर लाल ने कहा कि अधिकारी अपनी जिद्द पर अड़े हुए हैं। असल समस्या तो आढ़तियों को पता है। आढ़तियों की मांग मान लेनी चाहिए ताकि किसान अपनी फसल जल्दी बेचकर घर लौट सके। बता दें कि प्रदेश सरकार ने 1 अप्रैल से गेहूं की सरकारी खरीद शुरू करने की घोषणा कर रखी है। 11 दिन बीत जाने के बाद भी फतेहाबाद की मण्डी में गेहूं खरीद शुरू नहीं हुई है। व्यापार मंडल प्रधान जगदीश भादू का कहना है कि डीएफएएसी के बिना वह गेहूं खरीद शुरू नहीं होने देंगे। इस समय मण्डियों में गेहूं की आवक जोरों पर है। माना जा रहा है कि इसी सप्ताह 40 फीसदी गेहूं मण्डियों में आ जाएगी। ऐसे में अधिकारियों के अड़ियल रवैये का नुकसान सीधा किसानों को होगा।





फतेहाबाद। अनाज मण्डी में पड़े गेहूं के बैग व अनाज मण्डी में बरसात से भीगी गेहूं की बोरियां। फोटो :हरिभूमि

### रिपोर्ट आने पर ही पता चला

मैंने आज सुबह 11 बजे हरियाणा वेयर हाऊस की टीम को गेहूं परचेज के लिए मण्डी में भेजा था। टोहाना व भट्टू में भी गेहूं खरीद शुरू हो चुकी है। फतेहाबाद मण्डी में उसके बाद क्या रहा, इसकी रिपोर्ट आने पर ही पता चला।

**विनीत जैन, डीएफएससी**

### खरीद एजेंसी डीएफएससी का दिन फिक्स नहीं

जब तक फतेहाबाद मण्डी में सरकारी खरीद एजेंसी डीएफएससी का खरीद का दिन फिक्स नहीं होता, तब तक आढ़ती और व्यापार मंडल फतेहाबाद की मण्डियों में गेहूं की खरीद शुरू नहीं करेंगे। शुक्रवार को वेयर हाऊस की टीम आई थी लेकिन उन्होंने खरीद शुरू नहीं होने दी।

**-जगदीश भादू, प्रधान व्यापार मंडल**



सिरसा। पुरानी अनाज मंडी में सरसों खरीद की मांग को लेकर धरना देते आढ़ती।

### सरसों की खरीद न होने से धरना शुरू

## सरसों की खरीद पुरानी अनाज मंडी में न होने पर आढ़ती बैठे धरने पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कालांवाली

सरसों की खरीद पुरानी अनाज मंडी में न होने को लेकर आढ़ती मार्केट कमेटी में धरने पर बैठे और सरकार व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और अपना रोष व्यक्त किया। कच्चा आढ़ती एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष जग्गा सिंह ने कहा कि सरकार को स्थानीय अधिकारी जानबूझ कर सरकार को बदनाम करना चाहते हैं, इसी कारण आढ़तियों को परेशान किया जा रहा है। जगसीर सिंह जग्गा ने कहा कि छोटे आढ़ती कहां पर जाए, जिनके पास थोड़ी थोड़ी सरसों आनी है। उन्होंने कहा कि डबवाली रोड पर स्थित मंडी में घटिया किस्म की सरसों खरीद रहे हैं और पुरानी मंडी में छोटे दुकानदारों को परेशान किया जा रहा है। अगर बरसात आती है तो फसल को भीगने से बचाया जा सकता है लेकिन दूसरी मंडी में कोई प्रबंध नहीं है फिर भी आढ़तियों को वहां पर जाने के लिए मजबूर किया जा रहा है। आढ़तियों ने सरकार व उच्च अधिकारियों से मांग की है कि आढ़ती लोगों की मांग को पूरा करके परेशान करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इस मौके पर गिरधारी झोरड़, ओम प्रकाश वाजपयी, महेश आजाद, जाद, सुनील काली, हर्ष जोली, गुरजीत शमां, नीटा रोडी, बबली बांसल, भोला बांसल, गुरजंट ढिल्लो, रिंकल बांसल सुरेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।इस सबंध में मार्केट कमेटी सचिव विकास ने बताया कि उपायुक्त के मौखिक रूप से आदेश है कि डबवाली रोड पर स्थित मंडी में खरीद हो उसी के कारण काम चल रहा है अगर कोई और आदेश आए तो उनकी पालना की जाएगी।

### हादसा बना जान का दुश्मन

## नीलगाय से टकराई थी बाइक घायल युवक की 8 दिन बाद मौत

- बाइक के आगे आई थी अचानक नील गाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

खजूरी जाटी गांव निवासी 40 वर्षीय सीताराम की शुक्रवार को मौत हो गई। वह 3 अप्रैल को मोटरसाइकिल पर जा रहा था। रास्ते में अचानक नीलगाय सामने आ गई। बाइक की रफ्तार तेज थी। टक्कर के बाद वह बुरी तरह घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे भूना के सीएचसी केंद्र में भर्ती करवाया था। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उसे अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर किया था। परिजन उसे हिसार के एक निजी अस्पताल ले गए। वहां इलाज के दौरान आठ दिन बाद उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर जांच अधिकारी एवं सब इंस्पेक्टर रामपाल खलेरी के नेतृत्व की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल हिसार भेजा गया। शाम करीब साढ़े चार बजे पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू हुई। भूना थानाध्यक्ष सुरेंद्रा ने बताया कि हादसे की जानकारी के बाद पुलिस ने कागजी कार्रवाई की। परिजनों के बयान पर इत्तफाकिया कार्रवाई की गई है। गांव में जैसे ही मौत की खबर पहुंची, परिवार और रिश्तेदारों में कोहराम मच गया।

### प्रशासन को 12 अप्रैल तक का अल्टीमेटम, मांगें नहीं मानी तो बड़े आंदोलन

## पोर्टल पर हाजिरी और मांगों को लेकर जिलेभर के पालिका कर्मचारियों ने काले बिल्ले लगाकर किया काम, जताया विरोध

### पांचों इकाईयों के सफाई कर्मचारियों ने लगाए काले बिल्ले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

एसडब्ल्यूएम पोर्टल पर सफाई कर्मचारियों की हाजरी लगाने के आदेश के विरोध में शुक्रवार को जिले की पांचों इकाईयों फतेहाबाद, भूना, रतिया, जाखल व टोहाना के सफाई कर्मचारियों ने काले बिल्ले लगाकर काम किया और सरकार के कर्मचारी विरोधी लिए जा रहे फैसलों की कड़े शब्दों में निंदा की। नगरपालिका कर्मचारी संघ ने प्रशासन को 12 अप्रैल दोपहर तक का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी कि अगर सरकार ने पोर्टल पर हाजिरी के फैसले को वापस नहीं लिया और कर्मचारियों की न्याय संगत मांगों को पूरा नहीं किया तो संघ आंदोलन को तेज करेगा। नगरपालिका कर्मचारी संघ के जिला सचिव विजय ढाका ने बताया कि वर्षों से पालिका रोल लगे कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, पोर्टल से हाजरी लगाने के आदेश के विरोध में व बेगार प्रथा के खिलाफ संघ लगातार आंदोलनरत है। सार्वजनिक शौचालयों की सफाई, रात्रि सफाई के नाम पर कर्मचारियों को परेशान किया जा रहा है। आऊटसोर्स सफाई कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा। इन कर्मचारियों को 2-3 महीनों में एक बार ही वेतन दिया जाता है वहीं कोई साप्ताहिक छुट्टी तक नहीं दी जाती। उन्होंने कहा कि शहर की लगातार बढ़ रही जनसंख्या को देखते हुए नए पद सर्जित किए जाने की जरूरत है लेकिन शासन-प्रशासन इस ओर ध्यान देने की बजाय कर्मचारियों पर ही काम का बोझ डाला जा रहा है।



फतेहाबाद। काले बिल्ले लगाकर विरोध करते नगरपरिषद कर्मचारी।

### कर्मचारियों का यह है आरोप

विजय ढाका ने बताया कि संघ ने बड़ा आंदोलन करके कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने का लैटर फरवरी 2023 मे जारी करवाया था, उस पर तो फतेहाबाद नगर परिषद व पालिका प्रशासन कुंभकर्णीय नींद सोया हुआ है। सफाई कर्मचारियों की हाजरी पोर्टल पर लगाए जाने के आदेश है या नहीं, वो भी नहीं दिखाए जा रहे और हाजरी पोर्टल पर लगाने के आदेश तुरन्त प्रभाव से लागू कर दिए गए हैं जो कि न्याय संगत नहीं है। कर्मचारी नेता ने कहा कि सार्वजनिक शौचालयों की सफाई, रात्रि सफाई जैसे कार्यों के लिए अलग से कर्मचारी लगाए जाने चाहिए। जिला सचिव विजय ढाका ने कहा कि अगर 12 अप्रैल दोपहर तक इन मांगों का समाधान नहीं हुआ तो संघ यूनियन की मीटिंग करके बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होगा जिसकी सारी जिम्मेवारी फतेहाबाद प्रशासन की होगी।


चीता दुनिया का सबसे तेज़ ज़मीनी जानवर है, जो 112 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार से दौड़ सकता है।


दुनिया में पक्षियों की 9,500 से ज़्यादा प्रजातियां हैं। दुनिया का एकमात्र पंखहीन पक्षी कीवी है।

# हिंदी भाषा पसंद है तो इन क्षेत्रों में बनाएं अपना करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

भारत में हिन्दी सबसे महत्वपूर्ण भाषा है। यह भारत की 22 आधिकारिक भाषाओं में से एक है और राज्य भाषा का अधिकार रखती है। संसदीय कार्य से लेकर न्यायिक और सरकारी संस्थानों में इसे ऑफिशियल कम्युनिकेशन की तरह उपयोग किया जाता है। हिंदी विश्व स्तर पर तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है, जिसमें लगभग 425 मिलियन लोग इसे अपनी पहली भाषा के रूप में पहचानते हैं और अतिरिक्त 120 मिलियन लोग हिंदी को दूसरी भाषा के रूप में बोलते हैं। हिंदी के क्षेत्र में कई बेहतरीन करियर ऑप्शन मौजूद हैं। इस फील्ड में भी अच्छा करियर बनाया जा सकता है।

## ये करियर ऑप्शन

### राजभाषा ऑफिसर

ये राष्ट्रीयकृत बैंकिंग संस्थानों में राजभाषा ऑफिसर के रूप में कार्य करते हैं। उनकी नियुक्ति बैंक की सभी शाखाओं में होती है। इनकी प्राथमिक भूमिका ग्राहकों की मदद करने के अलावा रोज के कामों में राजभाषा के प्रयोग को बढ़ावा देना है। वे विभिन्न आधिकारिक दस्तावेजों का हिंदी में अनुवाद भी करते हैं।

### जर्नलिज्म

अगर आप ने हिंदी भाषा में जर्नलिज्म का कोर्स किया है तो आप पत्रकारिता के क्षेत्र में एंकर, न्यूज एडिटर, न्यूज राइटर और रिपोर्टर आदि जैसे कई जॉब प्रोफाइल पर रहकर अच्छी सैलरी हासिल कर सकते हैं। यहां पर आपको न्यूजपेपर, रेडियो चैनलों, समाचार चैनलों, पत्रिकाओं और डिजिटल समाचार मीडिया जैसे कई करियर ऑप्शन मिल जाएंगे।

### कंटेंट राइटर/एडिटर

आज के समय में कंटेंट राइटर या एडिटर की जॉब को बेहतर विकल्प माना जाता है। इनका काम ब्लॉग लिखना, मार्केटिंग कॉपी, सोशल मीडिया कॉपी आदि लिखना व उसको एडिट करना होता है। हिंदी या मास कम्युनिकेशन में डिग्री होल्डर्स आसानी से हिंदी कंटेंट राइटर/एडिटर के रूप में अपना करियर बना सकते हैं। कंटेंट राइटर और एडिटर्स पब्लिकेशन हाउस और मीडिया हाउस व एड एजेंसी में काम कर सकते हैं।

## यहां मिलेगा मौका

### ट्रांसलेटर

आज जिस तरह से पूरा विश्व का एकीकरण हो रहा है उसमें हिंदी ट्रांसलेटर के लिए करियर के नए रास्ते खुल गए हैं। इस फील्ड में अब काम की कोई कमी नहीं है। हिंदी ट्रांसलेटर के तौर पर आप घर पर बैठकर भी काम कर सकते हैं। हालांकि एक बेहतरीन ट्रांसलेटर बनने के लिए आपकी हिंदी के साथ दूसरी भाषा पर भी अच्छी पकड़ होनी चाहिए। कई बड़ी कंपनियां भी अपने कंटेंट को हिंदी में मुहैया कराने के लिए ट्रांसलेटर को नियुक्त करती हैं।

### इंटरप्रिटेशन

इंटरप्रेटर का काम भी ट्रांसलेटर की तरह एक लैंग्वेज का दूसरे लैंग्वेज में अनुवाद करना होता है। हालांकि इंटरप्रेटर लिखकर नहीं बल्कि बोलकर यह काम करते हैं। एक इंटरप्रेटर उन शब्दों को ट्रांसलेट करता है, जो दूसरा व्यक्ति अलग भाषा में कहता है। आप इंटरप्रेटर के तौर पर राजनयिक मिशनों, संयुक्त राष्ट्र और विदेशी छात्रों के साथ काम कर सकते हैं।

### वॉयस ओवर आर्टिस्ट

एंटरटेनमेंट की दुनिया आज बहुत व्यापक हो गई है। हर माह कई विदेशी फिल्में व कार्टून भारत में लांच हो रही हैं। यदि आप में बोलने का स्किल और अच्छी आवाज है, तो आप वॉयस-ओवर को करियर ऑप्शन के रूप में अपना सकते हैं। वॉयस-ओवर कलाकारों की फिल्मों के अलावा रेडियो स्टेशनों, पॉडकास्ट, विज्ञापनों की डबिंग में काफी डिमांड रहती है।

### हिंदी टाइपिस्ट/हिंदी स्टेनोग्राफर

हिंदी स्टेनोग्राफर और टाइपिस्ट की डिमांड कई दशकों से बनी हुई है। खास तौर पर सरकारी क्षेत्र में निकलने वाली जॉब में। हिंदी टाइपिंग और स्टेनोग्राफर का कोर्स कर आप अच्छी सैलरी के साथ सरकारी जॉब पा सकते हैं। इसके अलावा प्राइवेट सेक्टर में भी आप अच्छी तनख्वाह पर नौकरी पा सकते हैं।

## स्पीच राइटर

अगर आप में लिखने की क्षमता है तो आप स्पीच राइटर बन सकते हैं। स्पीच लोगों को प्रभावित करने का सबसे महत्वपूर्ण तरीका है। सम्मोहक स्पीच लिखने के लिए लैंग्वेज पर कंट्रोल की जरूरत होती है। अगर आपमें ये काबिलियत है तो आप किसी राजनीतिक पार्टी के साथ जुड़कर स्पीच राइटर बन सकते हैं। वहीं सरकारी क्षेत्र, विज्ञापन एजेंसियों, कॉर्पोरेट में काम भी इनके लिए दरवाजे हमेशा खुले रहते हैं।

### नॉवलिस्ट/राइटर/ पोएट

अगर आप को नए तरीके से क्रिएटिव स्टोरी लिखना आता है तो आप हिंदी भाषा में नॉलेज हासिल करने के बाद पोएट/नॉवलिस्ट/राइटर बन सकते हैं। आज के समय में ऑडियोबुक, किंडल सपोर्टिड ई-बुक्स के राइज ने इस फील्ड में लोगों के करियर को एक नया आयाम दिया है।

### हिंदी टीचर

हिंदी टीचर की जॉब सदाबहार ऑप्शन है। टीचर बनना सभी को पसंद होता है। अरग आपकी हिंदी में अच्छी पकड़ है तो आप किसी भी सरकारी और निजी शिक्षण संस्थान में हिंदी टीचर के तौर पर जॉब कर सकते हैं।

### राइटिंग

हिन्दी में अच्छी पकड़ रखने वाले लोगों का फिल्म जगत और टेलीविजन के क्षेत्र में खासी डिमांड होती है। आज के समय में ओटीटी प्लेटफॉर्म के आने से इस क्षेत्र के करियर स्कोप बढ़ गया है। अगर आप हिन्दी में अच्छे हैं तो आप प्रॉडक्शन हाउस, मीडिया हाउस में स्क्रिप्ट राइटिंग, डायलॉग्स या लिरिक्स भी लिख सकते हैं। लेकिन अगर आप स्क्रीन राइटर बनना चाहते हैं तो आपको बीए हिन्दी करने के बाद स्क्रीन राइटिंग कोर्स में पोस्ट ग्रेजुएशन करनी होगी ताकि आपके भीतर लेखन की अच्छी समझ विकसित हो सके।

### अध्यापक

हिंदी को पूरा करने के बाद क्लासिक और लोकप्रिय करियर विकल्पों में से एक अध्यापक बनकर आने वाली पीढ़ियों को भाषा का ज्ञान और क्षमता प्रदान करना है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदी की लोकप्रियता बढ़ने के साथ-साथ भारत से बाहर के छात्रों को हिंदी सिखाने के अवसर भी हैं।

---

छात्र कर सकते हैं विभिन्न प्रकार के मेडिकल और चिकित्सा से संबंधित कोर्स

# बायोलॉजी से 12वीं करने के बाद छात्र को मिलते हैं कई ऑप्शन और करियर विकल्प

जॉब ट्रेंड्स

यही करियर बनाने का सही समय

करियर डेस्क

ए 12वीं कक्षा पास करने के बाद विद्यार्थी के जीवन में अहम बदलाव आते हैं और यही वह मोड होता है, जहां पर खड़े रहकर हर एक विद्यार्थी सोचता है कि अब किस तरफ जाना है क्योंकि 12वीं कक्षा तक का रास्ता आसानी से पास हो जाता है। लेकिन अब 12वीं बायोलॉजी के बाद अनेक सारे रास्ते होते हैं, जिसमें से एक बेहतरीन और अपने लिए सही रास्ते का चयन करना काफी मुश्किल हो जाता है। विद्यार्थी 12वीं तक कुछ ज्यादा भविष्य के बारे में नहीं समझ पाते हैं। इसीलिए अब 12वीं के बाद उन्हें अपने भविष्य के लिए भी रास्ते का चयन करना होता है। तो 12वीं के बाद क्या करें ये हर एक विद्यार्थी के मन में प्रश्न उठता है। बता दे की 12वीं कक्षा निर्धारित किए गए सिलेबस के तहत होती है। 10वीं कक्षा तक का निर्धारित किए गए सिलेबस के आधार पर ही पढ़ाई होती है तथा 10वीं के बाद विद्यार्थी अपनी इच्छा से मौजूद सिलेबस में से किसी सिलेबस का चयन करके उसके तहत आगे की पढ़ाई कर सकते हैं। 10वीं कक्षा के बाद अधिकांश विद्यार्थी बायोलॉजी की तरफ बढ़ते हैं और 11वीं तथा 12वीं कक्षा बायोलॉजी से पास करते हैं। लेकिन 12वीं बायोलॉजी से पास करने के बाद अब आगे क्या करें यह सवाल उनके मन में भी रहता है। बायोलॉजी सिलेबस मेडिकल क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए निर्धारित किया गया है। अगर आप भी डॉक्टर बनना चाहते हैं। मेडिकल या चिकित्सा के क्षेत्र में किसी पद पर कायम होकर अपने बेहतर भविष्य की कल्पना करते हैं। तो 10वीं के बाद बायोलॉजी विषय ही लिया जाता है बायोलॉजी विषय काफी महत्वपूर्ण और कठिन भी होता है तथा कुछ विद्यार्थियों को इसमें रुचि भी आती है। लेकिन 12वीं कक्षा बायोलॉजी में पास करने के बाद अब विद्यार्थी को क्या करना चाहिए इस बारे में भी जान लेना बहुत जरूरी है क्योंकि विद्यार्थी 12वीं बायोलॉजी से पास करने के बाद अनेक सारे रास्ते देख कर यह समझ नहीं पता है कि अब उसे क्या करना चाहिए और उनके लिए कौन सा रास्ता सही है?

## बायो से क्या-क्या बन सकते हैं



अगर आप भी बायोलॉजी के विद्यार्थी हैं और अपने 12वीं कक्षा बायोलॉजी सिलेबस के तहत पास कर ली है, तो अब आपके सामने विभिन्न प्रकार के रास्ते हैं इनमें से सही रास्ता कौन सा है? आपको किस पद पर चलना चाहिए? इस तरह के सवाल आपके मन में आते हैं, तो हम आपको बता देते हैं कि बायोलॉजी से 12वीं कक्षा पास करने के बाद आप मेडिकल तथा चिकित्सा के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के पदों पर कार्यरत हो सकते हैं। अगर आप यह सोचते हैं कि सिर्फ एमबीबीएस डॉक्टर ही बन सकते हैं, तो ऐसा आप गलत सोचते हैं। 12वीं कक्षा में बायोलॉजी विषय से सफलता प्राप्त करने के बाद आप विभिन्न प्रकार के मेडिकल और चिकित्सा के क्षेत्र वाले कोर्स कर सकते हैं और उन कोर्स को करके एक बेहतरीन करियर की कल्पना कर सकते हैं। तो आईए जानते हैं

### नर्सिंग कोर्स

बायोलॉजी सब्जेक्ट में 12वीं कक्षा पास करने के बाद अधिकांश विद्यार्थियों द्वारा नर्सिंग कोर्स का चयन किया जाता है क्योंकि नर्सिंग कोर्स के तहत विद्यार्थियों को डॉक्टर की सहायता करना सिखाया जाता है कि किस तरह से मरीज के साथ काम करना है। मरीज को किस तरह से आराम देना है और उसका ट्रीटमेंट कैसे करना है। नर्स बनने के लिए नर्सिंग कोर्स करवाया जाता है। इस कोर्स से अस्पताल में डॉक्टर के साथ काम करना सिखाया जाता है। इस कोर्स को करने के बाद शुरुआती समय में ही आपको आसानी से 25 से 30000 रुपये मिल जाते हैं और अनुभव के आधार पर सैलरी में बढ़ोतरी भी हो जाती है।

## साइकोलॉजिस्ट कोर्स

इस भागदौड़ भरी जीवन शैली के कारण लोग मानसिक रूप से परेशान होते हैं, तनाव में आ जाते हैं और उन्हें साइकोलॉजिस्ट की आवश्यकता होती है। वो साइकोलॉजिस्ट उन्हें मानसिक रूप से उसे सिचुएशन से बाहर निकालने की कोशिश करता है और इसके बदले में वह मोटी फीस लेता है। तो आप भी बायोलॉजी में 12वीं कक्षा पास करने के बाद साइकोलॉजिस्ट बन सकते हैं। इसके लिए आपको बैचलर ऑफ साइकोलॉजी डिग्री कोर्स करना होगा। यह कोर्स तीन वर्ष कोर्स है। इस कोर्स को करने के बाद आपको 2 वर्ष का मास्टर ऑफ साइकोलॉजी कोर्स भी करना होगा, उसके बाद आप साइकोलॉजिस्ट बन जाएंगे।

### न्यूट्रिशन एंड डायटिस्ट कोर्स

वर्तमान समय में लोग सही तरह के खाने पीने पर विशेष ध्यान दे रहे हैं जिसके लिए उन्हें न्यूट्रिशन एवं डाइटिस्ट की आवश्यकता होती है। बता देते हैं कि किसी व्यक्ति को न्यूट्रिशन कितना लेना चाहिए, किस मात्रा में लेना चाहिए, किस समय लेना चाहिए? ये एक न्यूट्रिशन बता सकता है और व्यक्ति को स्वस्थ रहने के लिए कौन-कौन सा खाना खाना चाहिए, कितनी डाइट होनी चाहिए, अपनी डाइट में क्या-क्या शामिल करना चाहिए? यह सभी एक डायटिस्ट बता सकता है। इसीलिए इन दोनों को मिलाकर न्यूट्रिशन एंड डायटिस्ट कोर्स बनाया गया है। इस कोर्स को करने के बाद आप लोगों को सही प्रकार से भोजन करना सीख सकते हैं।

## बी डी एस कोर्स

बीडीएस का फुल फॉर्म बैचलर ऑफ डेंटल साइंस होता है। यह एक अंडरग्रेजुएट कोर्स है। जो 12वीं के बाद करवाया जाता है यह 3 वर्ष का कोर्स होता है। बैचलर ऑफ़ डेंटल साइंस नाम से ही पता चलता है कि इस कोर्स को करने से दांतों का डॉक्टर बन जा सकता है यानी इस कोर्स में दांतो से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई जाती है। इस कोर्स के दौरान स्टूडेंट को दांतो से संबंधित बीमारियों की जानकारी दी जाती है। दांतो के मरीज का इलाज कैसे करना है यह भी सिखाया जाता है। आप बैचलर ऑफ डेंटल साइंस कोर्स करके प्राइवेट और गवर्नमेंट हॉस्पिटल में डेंटिस्ट बन सकते हैं। वर्तमान समय में दांतो के डॉक्टर हर महीने 2 से 5 लाख आसानी से कमा लेते हैं।

## डर्मेटोलॉजिस्ट कोर्स

अगर आप त्वचा यानी स्क्रीन की बीमारियों का इलाज करने वाला डॉक्टर बनना चाहते हैं यानी आप त्वचा चिकित्सक बनना चाहते हैं, तो यह कोर्स खास आपके लिए हैं। इस कोर्स को 12वीं कक्षा में बायोलॉजी में सफलता प्राप्त करने के बाद किया जा सकता है। इस कोर्स के तहत त्वचा से संबंधित होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई जाती है जैसे कि मुंहासे, शरीर में धब्बे, खुजली आदि का इलाज कैसे करते हैं? ये समस्याएं क्यों उत्पन्न होती हैं? इसके लिए कौन-कौन सी दवाइयां हैं? किस तरह की चिकित्सा प्रणाली है? इस बारे में जानकारी दी जाती है। डर्मेटोलॉजिस्टिक बनकर आप हर महीने शुरुआती तौर पर 50000 रुपये से भी अधिक कमा सकते हैं।

## रेडियोग्राफी कोर्स



वर्तमान समय में रेडियो ग्राफिक कोर्स करने वालों की डिमांड काफी ज्यादा देखने को मिलती हैं। बता देते हैं कि रेडियोग्राफी कोर्स करने से आपको मरीज के जांच वाली मशीनों का ज्ञान दिया जाता है। आज के समय में जब हम बीमार पड़ते हैं, तो सबसे पहले हमारा एक्स-रे किया जाता है, हमारा बल्ड टेस्ट किया जाता है, सिटी स्कैन किया जाता है, एमआरआई स्केन किया जाता है, लैब टेस्ट किया जाता है और विभिन्न प्रकार के टेस्ट एवं जांच की जाती है। उन सभी के लिए वर्तमान समय में विभिन्न प्रकार की मशीन है और उपकरण आ चुके हैं। इन मशीनों और उपकरणों को चलाने तथा सही ढंग से इस्तेमाल करने के लिए रेडियोग्राफी कोर्स किया गया है। आप इस रेडियोग्राफी कोर्स को करके हर महीने 50000 तक आसानी से कमा सकते हैं।

## बी फार्मा कोर्स

बी फार्मा कोर्स को बैचलर ऑफ़ फार्मेसी भी कहते हैं। इस कोर्स की मदद से आपको दवाइयां का ज्ञान हो जाता है। औषधीय का ज्ञान हो जाता है। चिकित्सा और मेडिकल के क्षेत्र में उपयोग की जाने वाली संबंधित दवाइयां और औषधीय किस समय किस मरीज को कौन सी बीमारी के समय कितनी उपलब्धता के आधार पर देनी होती है। इस बात की जानकारी इस कोर्स में उपलब्ध है। इस कोर्स को करने से दवाइयां के इस्तेमाल के बारे में पूरी जानकारी पता चल जाती है जिसके बाद आप अपना खुद का मेडिकल स्टोर भी खोल सकते हैं या मेडिकल क्षेत्र में काम भी कर सकते हैं। इसके लिए आप डिप्लोमा इन फार्मेसी, बैचलर ऑफ फार्मेसी या फिर मास्टर ऑफ साइंस ऑफ फार्मेसी कोर्स कर सकते हैं। इस कोर्स को करने के बाद आप हर महीने 30 से 35000 आसानी से कमा सकते हैं

## पैरामेडिकल कोर्स

बायोलॉजी विषय के अंतर्गत 12वीं कक्षा पास करने के बाद पैरामेडिकल कोर्स का चयन भी बड़ी मात्रा में किया जाता है। बता देते हैं कि पैरामेडिकल कोर्स में फार्मेसी नर्सिंग तथा हेल्थ केयर सेक्टर से संबंधित ज्ञान उपलब्ध कराया जाता है। इस कोर्स को करने के बाद आप हेल्थ केयर सेक्टर में बड़े पदों पर नौकरियों का सकते हैं। पैरामेडिकल कोर्स करने के बाद हेल्थ केयर सेक्टर में जॉब करने पर शुरुआती तौर पर आप हर महीने 30 – 35000 हजार रुपए आसानी से कमा सकते हैं और उसके बाद 4-5 साल के एक्सपीरियंस के बाद आप हर महीने एक से डेढ़ लाख रुपए भी आसानी से कमा सकते हैं।

## एमबीबीएस कोर्स

एमबीबीएस का फुल फॉर्म बैचलर ऑफ मेडिसिन एंड बैचलर ऑफ सर्जरी होता है। बायोलॉजी में 12वीं कक्षा पास करने के बाद सबसे अधिक चयन किए जाने वाले कोर्स की सूची में सबसे पहले एमबीबीएस कोर्स का नाम ही आता है। लेकिन यह काफी कठिन कोर्स है इसके लिए आपको केंद्रीय स्तर पर आयोजित नीट एंट्रेंस एग्जाम पास करना होगा और उस एग्जाम में अच्छे अंक लाकर मेरिट में भी स्थान बनाना होगा, तभी आप इस कोर्स के लिए इलीजिबल माने जाएंगे। बता दें कि इस कोर्स को करने के लिए 12वीं कक्षा में भी अच्छे अंक प्राप्त करना जरूरी है। इस कोर्स में आपको डॉक्टर बनने से संबंधित पूरी जानकारी बताई जाती है, जिसके बाद आप किसी विशेष स्पेशलाइजेशन के डॉक्टर बन जाते हैं। स्पेशलाइजेशन जैसे कि न्यूरोलॉजिस्ट, कार्डियोलॉजिस्ट, ऑर्थोपेडिक्स, चाइल्ड स्पेशलिस्ट, एनएसथीसिया स्पेशलिस्ट आदि।

---

# खेलों से प्रेरणा लेकर तनाव से निपटें और सकारात्मक सोच अपनाएं



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

जीवन में हर छात्र के सामने कई चुनौतियां आती हैं-पढ़ाई का दबाव, परीक्षा की तैयारी, भविष्य की चिंता और कभी-कभी व्यक्तिगत परेशानियाँ। इन सबके बीच तनाव होना स्वाभाविक है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि खेल सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं, बल्कि मानसिक मजबूती और सकारात्मक सोच के लिए भी एक शानदार जरिया हो सकते हैं? आइए जानते हैं कि कैसे खेलों से प्रेरणा लेकर आप अपने जीवन में तनाव को कम कर सकते हैं और एक सकारात्मक दृष्टिकोण बना सकते हैं।

## हार को भी जीत की सीढ़ी बनाएं

खेलों में हर खिलाड़ी को हार और जीत दोनों का सामना करना पड़ता है। सचिन तेंदुलकर, पी.वी. सिंधु या विराट कोहली जैसे दिग्गज खिलाड़ियों ने भी अपने करियर में कई बार असफलताओं का सामना किया, लेकिन उन्होंने हार को कभी अंत नहीं माना। हार उनके लिए एक सबक थी, एक नई शुरुआत का मौका थी। जब आप पढ़ाई में कम नंबर लाएं या किसी लक्ष्य को हासिल न कर पाएं, तो उसे खेल की तरह देखें। हार से सीखें, अपनी कमियों को सुधारें और अगली बार दोगुनी मेहनत के साथ मैदान में उतरें। यही सकारात्मक सोच आपको आगे बढ़ाएगी।

**टीमवर्क से सीखें एकजुटता :** क्रिकेट, फुटबॉल या कबड्डी जैसे खेल हमें सिखाते हैं कि अकेले नहीं, बल्कि टीम के साथ मिलकर बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। जब तनाव बढ़ता है, तो अपने दोस्तों, परिवार या शिक्षकों का साथ लें। उनसे बात करें, अपनी परेशानियाँ साझा करें और मदद मांगने में संकोच न करें। जैसे मैदान पर हर खिलाड़ी अपनी भूमिका निभाता है, वैसे ही आपके जीवन में भी लोग आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल सकते हैं। यह एकजुटता आपको तनाव से लड़ने की ताकत देगी।

**लक्ष्य निर्धारित करें, छोटे कदमों से आगे बढ़ें :** खेलों में हर खिलाड़ी का एक लक्ष्य होता है-चाहे वह रन बनाना हो, गोल करना हो या मेडल जीतना हो। लेकिन यह लक्ष्य रातोंरात हासिल नहीं होता।

## शारीरिक सक्रियता से दूर करें तनाव

खेल न सिर्फ दिमाग को तरोताजा करते हैं, बल्कि शरीर को भी ऊर्जा देते हैं। जब आप तनाव में हों, तो कुछ देर के लिए किताबें बंद करें और बाहर निकलें। दौड़ें, बैडमिंटन खेलें, या बस अपने दोस्तों के साथ हल्की-फुल्की मस्ती करें। शारीरिक गतिविधि से आपके शरीर में एंडोर्फिन हार्मोन रिलीज होता है, जो तनाव को कम करता है और आपको खुश रखता है। रोजाना 20-30 मिनट का खेल आपके दिमाग को शांत करेगा और सकारात्मक ऊर्जा देगा।

**अनुशासन और समय प्रबंधन की कला :** खिलाड़ी अपने जीवन में अनुशासन और समय का सही उपयोग करना सीखते हैं। सुबह जल्दी उठना, अभ्यास करना, और अपने लक्ष्य पर ध्यान देना यह सब खेल हमें सिखाते हैं। आप भी अपने दिन की योजना बनाएं। पढ़ाई, खेल और आराम के लिए समय निर्धारित करें। जब आपका जीवन व्यवस्थित होगा, तो तनाव अपने आप कम हो जाएगा। अनुशासन आपको यह एहसास दिलाएगा कि आप अपने जीवन के मालिक हैं।

**हर दिन खुद को प्रेरित करें :** खेलों में खिलाड़ी हर मैच को एक नई चुनौती की तरह लेते हैं। आप भी हर दिन को एक नया मौका मानें। सुबह उठकर खुद से कहें, "आज मैं कुछ नया सीखूंगा, कुछ बेहतर करूंगा।" अपने पसंदीदा खिलाड़ी की मेहनत और संघर्ष की कहानियों को याद करें। उनकी तरह आप भी अपने सपनों के लिए लड़ सकते हैं। यह सोच आपको तनाव से निकालकर सकारात्मक दिशा में ले जाएगी।

## सामान्य ज्ञान

**1.** निम्नलिखित में से वह सागर कौन - सा है, जो भू-बद्ध है ?
(ए) लाल सागर
(बी) तिमोर सागर
(सी) उत्तरी सागर
(डी) अरल सागर

**2.** अफ्रीका महाद्वीप की सबसे बड़ी झील है -
(ए) विक्टोरिया
(बी) न्यासा
(सी) टंगानिका
(डी) चाड

**3.** निम्नलिखित में से कौन - सा युग्म गलत है ?
(ए) ग्रेट बीयर - कनाडा
(बी) मिशिगन - यू. एस. ए.
(सी) ओनेगा - ऑस्ट्रेलिया
(डी) टिटिकाका - पेरू-बोलीविया

**4.** निम्नलिखित में से कौन ईरान की सीमा को स्पर्श करता है ?
(ए) कैस्पियन सागर
(बी) अरल सागर
(सी) बाल्खश झील
(डी) बैकाल झील

**5.** निम्नलिखित में से किसको 'पर्ल ऑफ़ साइबेरिया' कहा जाता है ?
(ए) बैकाल झील
(बी) ग्रेट वीयर झील
(सी) करदा झील
(डी) लिंकनबर झील

**6.** किस देश की सीमा कैस्पियन झील से नहीं मिलती है ?
(ए) अजरबैजान
(बी) रूस
(सी) यूक्रेन
(डी) तुर्कमेनिस्तान

**7.** टान्ले सेप नाम झील निम्नलिखित में से किस देश में स्थित है ?
(ए) थाईलैंड
(बी) कम्बोडिया
(सी) इंडोनेशिया
(डी) लाओस

**8.** पृथ्वी पर सबसे गहरा स्थल है -
(ए) कैस्पियन सागर
(बी) काला सागर
(सी) मृत सागर
(डी) एजियन सागर

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(सी) 4.(ए) 5.(ए) 6.(सी) 7.(बी) 8.(सी)

**खबर संक्षेप**


सिरसा। वार्ड नंबर तीन में फैली गंदगी।

## सफाई के लिए चेयरमैन को दी शिकायत

**सिरसा।** शहर के वार्ड नंबर 3 के पार्षद रमेश मेहता व वार्डवासियों ने नगर परिषद सिरसा अध्यक्ष वीर शांति स्वरूप को एजेंसी द्वारा शहर में करवाई जा रही सफाई व्यवस्था को लेकर विडियो फुटेज के साथ शिकायत दी है। वार्ड पार्षद रमेश मेहता ने बताया कि पिछले कई वर्षों से यह कंपनी शहर में बिना सफाई का कार्य किए हुए हर महीने नगर परिषद से लाखों रुपए पेमेंट ले रही है। उन्होंने एक विडियो भी अध्यक्ष को सौंपते हुए बताया कि यह फुटेज हमारी वीआईपी कॉलोनी की हुड्डा सेक्टर-20 की है, जहां भाजपा वरिष्ठ नेत्री व पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, पूर्व सांसद डा. अशोक तंवर की कोठी के पास पिछले 3 महीने से यह कूड़े का ढेर पड़ा है। इसके अलावा अन्य रिटायर्ड आईएएस, आईपीएस, इंडस्ट्रियलिस्ट, बिजनेस मैन भी यहां रहते हैं। सफाई की हालत को देख कर ये कतई नहीं कहा जा सकता कि यहां कभी सफाई की गई हो। इसके अलावा वार्ड 3 में 8 रिहायशी कॉलोनियां है, सभी कॉलोनियों में इसी सप्ताह 20 सदस्यों की निगरानी कमेटी का गठन कर दिया जाएगा। सेक्टर-20 की कमेटी का गठन कर दिया गया है।

## एसपी ने 734 मदों का निस्तारण करवाया

**सिरसा।** जिला पुलिस ने वर्षों से विभिन्न पुलिस थानों की ओर से जब्त की गई अवैध शराब, दुपहिया व चौपहिया वाहनों, पटाके, तेल,गैस सिलेंडर तथा अन्य मुकदमों से संबंधित विसरे व अन्य मामलों में लंबित पड़ी 734 मदों का निस्तारण करवाया गया है। इसके इलावा 528 अन्य पेंडिंग मदों के न्यायालय से आदेश प्राप्त कर लिए हैं, जिनका भी शीघ्र ही निवारण किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि पुलिस थानों व पुलिस चौकियों में वर्षों से पुराने वाहन जिनमें कार, ट्रक थ्री-व्हीलर, मोटरसाइकिल, स्कूटर व अन्य सामान पड़ा था जिसके रखरखाव को लेकर भी काफी दिक्कत आ रही थी। उन्होंने बताया कि थाना परिसरों में काफी अधिक संख्या में वाहन अव्यवस्थित खड़े रहते हैं।

## भगत धन्ना जी ट्रस्ट की कार्यकारिणी का विस्तार

**सिरसा।** भगत धन्ना जी ट्रस्ट की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए कुछ और सदस्यों को पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। ट्रस्ट के संरक्षक डॉ. राजेंद्र कड़वासरा व प्रधान अमरीक सिंह राही ने बताया कि इसी कड़ी में डॉ. रेशम सिंह को जिला महासचिव, अजमेर सिंह बाजेकां को जिला उप प्रधान, डॉ. मनजीत सिंह को जिला सचिव, लखविंद्र सिंह खिंडा को जिला उप प्रधान व सरपंच दयाराम कंबोज को जिला वरिष्ठ उप प्रधान नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही प्रदेश के अन्य जिलों की कार्यकारिणी की घोषणा की।

# हिसार एयरपोर्ट के नाम पर हुआ भ्रष्टाचार,लुटेरों को सलाखों के पीछे भेजें: अभय चौटाला

**कहा : पीएम का हरियाणा से विशेष लगाव, प्रदेश को विकास व कर्जमुक्त के लिए विशेष पैकेज की करें घोषणा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हरियाणा के साथ विशेष लगाव रहा है। हिसार एयरपोर्ट का उद्घाटन करने आ रहे पीएम से प्रदेशवासियों को उम्मीद है कि वह प्रदेश के विकास और कर्जमुक्त करने के लिए विशेष पैकेज की घोषणा करेंगे। इसके अलावा एयरपोर्ट के नाम पर लूट मचाने वालों को शाबाशी देने की बजाय शिकंजा कसकर जाएंगे। उनका कहना है कि एयरपोर्ट बनाने के नाम पर जमकर भ्रष्टाचार हुआ है। 180 करोड़ के काम पर 1800 करोड़ रुपये खर्च कर दिए गए। पीएम इसकी जांच करवाएं और भ्रष्टाचारियों को सलाखों के पीछे भेजा जाए। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा, महिला विंग प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला, राष्ट्रीय संगठन सचिव उमेद लोहान, विधायक आदित्य देवीलाल, प्रधान महासचिव प्रताप सिंह चावड़ा, जिला अध्यक्ष बीकर सिंह हड्डौली, प्रदेश सचिव बलविन्द्र कैरों के अलावा हिसार जोन के सभी जिलों से जिला प्रधान, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भी उपस्थित थे।


फतेहाबाद। पत्रकारों से बातचीत करते इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला।

### प्रेसवार्ता में लगाए यह आरोप

अभय सिंह चौटाला शुक्रवार को फतेहाबाद की जाट धर्मशाला में इनेलो की हिसार जोन की बैठक को संबोधित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। वक्फ संशोधन बिल के सवाल पर अभय चौटाला ने कहा कि कांग्रेस ने भी जात-पात की राजनीति की थी लेकिन भाजपा तो कांग्रेस से भी दो कदम आगे निकल गई है। उसने किसी वर्ग विशेष को नहीं छोड़ा। हर वर्ग को आपस में लड़ाने का काम किया है। यह बिल भी भाजपा केवल लोगों को आपस में लड़ाने के लिए लेकर आई है। विधानसभा में नेता विपक्ष के सवाल पर अभय सिंह चौटाला ने कहा कि विधानसभा में आज न सत्ता पक्ष और न विपक्ष, दोनों आपस में मिले हुए हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा में सीएम ने हुड्डा का मजाक उड़ाते हुए जिस भाषा का इस्तेमाल किया, वह भाषा सीएम को शोभा नहीं देती। सीएम पद की गरिमा होती है। अगर सीएम कोई काम नहीं कर सकता तो उसे यह छूट नहीं है कि वह किसी का भी मजाक उड़ाए। अभय सिंह चौटाला ने कहा कि चौटाला सरकार में सरकार के पास सरप्लस पैसा होता था लेकिन अब ब्याज चुकाने के लिए भी सरकार को कर्जा लेना पड़ता है। उन्होंने कहा कि अब प्रदेशवासियों में जागरूकता आनी शुरू हो गई है। लोग सोचने पर मजबूर है कि किसी गलत आदमी को विधानसभा में भेजने से और बोलने वाले को विधानसभा से बाहर रखने से क्या नुकसान होता है। प्रदेश में यह बदलाव की निशानी है।

**आंगनबाड़ी केन्द्रों को प्ले स्कूल में बदलकर बेहतरीन सुविधाएं दे सरकार : भवानी**

# 3 से 6 साल के बच्चों का प्ले वे स्कूल में करवाएं दाखिला


फतेहाबाद। बोसवाल प्ले वे स्कूल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते भाजपा नेता भवानी सिंह। फोटो : हरिभूमि

■ केन्द्र सरकार ने नई शिक्षा नीति से संवरेगा बच्चों का भविष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

हरियाणा सरकार द्वारा आंगनबाड़ी सैंटरों को प्ले वे स्कूल में बदलकर बच्चों के सर्वांगीण विकास को लेकर बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई है। अभिभावक 3 से 6 साल तक के बच्चों को इन प्ले वे स्कूलों में अवश्य दाखिला दिलवाएं। यह बात भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश सचिव ठाकुर भवानी सिंह ने गांव बोसवाल स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित रेडीनेस मेला कार्यक्रम को बतौर मुख्यअतिथि संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरजीता कुमारी ने की। उन्होंने छोटे बच्चों के अभिभावकों को हरियाणा सरकार की ओर से बनाए गए प्ले स्कूल के बारे में जानकारी दी गई। अभिभावकों को स्कूल में मिलने वाली सुविधाओं और बच्चे के विकास पर प्रभाव को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम को सुपरवाइजर खुशी, आंगनबाड़ी वर्कर पूजा, नीतू रानी व ज्योति ने भी संबोधित किया।भाजपा नेता भवानी सिंह ने कार्यक्रम में भारी संख्या में पहुंची महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि बचपन का समय ऐसा होता है जबकि किसी भी बच्चे को सबसे अधिक खुशी खेलते हुए मिलती है। केन्द्र की मोदी सरकार ने नई शिक्षा नीति में प्ले वे स्कूल बनाने का निर्णय लिया। हरियाणा सरकार ने पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर और सीएम नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सबसे पहले आगे आते हुए पूरे प्रदेश में आंगनबाड़ी केन्द्रों को प्ले वे स्कूलों में बदला है। इन प्ले वे स्कूल में अन्य प्राइवेट क्रेचों व प्ले वे स्कूलों से बढिय़ा सुविधाएं मुहैया करवाई गई हैं।

### शिक्षा को बढ़ावा

बच्चों को खेल खेल में ही सिखाने के लिए इन प्ले स्कूलों की अहम भूमिका है। इनका मुख्य लक्ष्य यही है कि जो भी नन्हा बच्चा यहां आए वो खेल व मनोरंजक तरीके से प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करे, जिससे उसे पढ़ाई भी खेल का ही एक हिस्सा लगे और उनका बौद्धिक व मानसिक विकास हो सके। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं से अपने 3 से 6 साल तक के बच्चों का इन प्ले वे स्कूलों में तुरंत दाखिला करवाने का आह्वान किया।

**किसानों का संघर्ष बताया**

# जिलेभर में मनाया गया किसान सभा का 89वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिलेभर में आज अखिल भारतीय किसान सभा का 89वां स्थापना दिवस मनाया गया। भट्टूकलां के ताऊ देवीलाल टाउन पार्क में आयोजित कार्यक्रम में किसान नेता रिछपाल सिंह भादू ने सभा का ध्वज फहराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मा. हनुमान सिंह ने की व संचालन सुभाष चन्द्र ने किया। मुख्य वक्ता के तौर पर किसान सभा के जिला प्रधान विष्णुदत्त शर्मा ने भाग लिया। किसानों को संबोधित करते हुए विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि किसान सभा की स्थापना 11 अप्रैल 1936 को लखनऊ अधिवेशन में की गई थी। आज 27 प्रदेशों में 1 करोड़ 46 लाख 88 हजार की सदस्यता के साथ अखिल भारतीय किसान सभा देश का सबसे बड़ा संगठन है। स्वामी सहजानंद सरस्वती इसके पहले अध्यक्ष बने। जिला प्रधान ने कहा कि किसान सभा के झंडे तले अनेक राष्ट्रीय आन्दोलन लड़े गए। आज किसान सभा नव उदारीकरण की कारपोरेट परस्त नीतियों और साम्प्रदायिक भाजपा के शासन के तहत देश में तानाशाही मुहिम के खिलाफ संघर्षरत है। तीन काले कानूनों की वापसी के बाद न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी, किसानों को कर्ज मुक्त करना तथा कृषि विपणन योजना के नाम पर मण्डियों को खत्म करने के विरोध में तथा किसानों की अन्य मांगों को लेकर सभा लगातार आंदोलनरत है। इस अवसर पर मौजूद किसानों ने एकजुट होकर हर गांव में किसानों को इसमें शामिल कर संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर दिनेश बिढासरा, बिल्लू साई, विनोद कुमार माचरा, सुरेश कुमार, रोहताश, नेकीराम, मनोहर लाल, मनीराम बागड़ी, विकास पहाड़ी, विनोद लाम्बा सहित अनेक किसान मौजूद रहे।


फतेहाबाद। गेहूं के खेत में पहुंचे क्रेसंट स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### भूना में भी मनाया गया किसान सभा स्थापना दिवस


फतेहाबाद। स्थापना दिवस पर भट्टू टाऊन पार्क में किसान सभा का ध्वज फहराते सदस्य।

**भूना।** भूना के शहीद चन्द्रशेखर आजाद भवन में भी शुक्रवार को किसान सभा का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता कामरेड ओमप्रकाश ने की। मुख्य वक्ता के तौर पर पूर्व जिला पार्षद रामस्वरूप ढाणी गोपाल, मुंशीराम, बलबीर सिंह, मा. ओमप्रकाश, सुभाष चन्द्र व सतबीर सिंह ने भाग लिया। रामस्वरूप ढाणी गोपाल ने किसान सभा के गठन से लेकर अब तक किए गए संघर्ष पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय किसान सभा ने आजादी से पहले भी देश में किसानों के हितों के लिए लगातार संघर्ष किए, तथा अब आजादी के बाद भी किसान आंदोलन के रूप में किसानों के लिए मजबूती से संघर्ष कर विजय हासिल की है।

**बाइक चोर गिरोह पर नहीं लग रही लगाम**

# जिले में वाहन चोरी की घटनाएं बढ़ी, 5 बाइक और स्कूटी चोरी

■ खुले आम बाइक चोर गिरोह दे रहा वारदातों को अंजाम

■ पीड़ित आए दिन थाने में लेकर पहुंच रहे शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिले में वाहन चोरी की घटनाएं रूकने का नाम नहीं ले रही है। गत दिवस भी चोरों ने जिले में अलग-अलग स्थानों से 5 मोटरसाइकिल व एक स्कूटी चोरी कर ली। सभी मामलों में सम्बंधित थानों में शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में नहर कालोनी फतेहाबाद निवासी जगदीश प्रसाद ने कहा है कि वह अनाज मण्डी के पीछे, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सामने श्रीराम पार्क में बने मंदिर में काफी समय से पूजा अर्चना कर रहा है। गत दिवस रोजाना की तरह सुबह वह श्रीराम पार्क गया था। उसने अपनी स्कूटी को पार्क के बाहर खड़ा किया और मंदिर में चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस बाहर आया तो उसने देखा कि वहां से उसकी स्कूटी गायब थी। इस पर पहले उसने आसपास तलाश की लेकिन जब स्कूटी बारे कुछ पता नहीं चला तो उसने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर स्कूटी की तलाश शुरू कर दी है। दूसरे मामले में जाखल पुलिस ने पंजाब के संगरूर जिले के गांव चोटियां निवासी गुरविन्द्र शर्मा की शिकायत पर जाखल बस स्टैण्ड के पास स्थित ग्रामीण शिक्षा के बाहर से उसका मोटरसाइकिल चोरी होने बारे केस दर्ज किया है। चोरी की यह वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। एक अन्य मामले में सदर फतेहाबाद पुलिस ने गांव बड़ोपल निवासी दिनेश कुमार की शिकायत पर उनके दो मोटरसाइकिल चोरी होने बारे केस दर्ज किया है। दिनेश ने कहा कि उसने व चन्द्रमोहन निवासी काजलहेड़ी ने अपने मोटरसाइकिल बड़ोपल बस अड्डे के पास खड़े किए और दुकानों पर घरेलू सामान लेने चले गए। जब वह वापस आए तो देखा कि दोनों मोटरसाइकिल वहां से गायब थे। एक अन्य मामले में सदर फतेहाबाद पुलिस ने ढाणी बिन्जा लाम्बा निवासी सोनू की शिकायत पर गांव के बस स्टैण्ड से मोटरसाइकिल चोरी होने बारे केस दर्ज किया है। सदर रतिया पुलिस ने गांव लाली निवासी रामबीर की शिकायत पर शराब ठेके के बाहर से उसका मोटरसाइकिल चोरी होने बारे केस दर्ज किया है।

## मेहमान बनकर आए युवक लाखों ले उड़े

**फतेहाबाद।** टोहाना में मेहमान बनकर आए दो युवक घर से लाखों की नकदी व गहने चोरी कर फरार हो गए। इस बारे पीड़ित महिला द्वारा सूचना दिए जाने पर टोहाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और चोरों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में बलियाला रोड, राजनगर टोहाना निवासी मूर्ति देवी ने कहा है कि उसकी बुआ की लडक़ी के दोस्त रवि सिंह निवासी गांव खरक रामजी जिला जींद अपने एक साथी के साथ मिलने के लिए उसके घर आए हुए थे। महिला ने कहा कि इसके बाद वह किसी काम से कुछ देर के लिए घर से बाहर गई थी। इसके बाद चाय पीकर दोनों युवक उसके घर से चले गए। उनके जाने के बाद जब उसने घर संभाला तो पाया कि घर में पेटी में रखी 1 लाख 80 हजार रुपये की नकदी के लिए अढ़ाई तोले सोने के गहने व चांदी की तीन जोड़ी पांजेब व अंगूठी गायब थी। महिला ने आरोप लगाया कि दोनों युवक उसकी घर से नकदी व गहने चोरी कर ले गए हैं। इसके बाद जब वह युवकों के कमरे पर गई तो पता चला कि युवक यहां किराये पर रहते थे और वहां से छोडक़र फरार हो गए है।

# बेटी बचाओ एक अभियान नहीं बल्कि एक राष्ट्रीय संकल्प होना चाहिए: कुमारी सैलजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि हरियाणा में सामने आ रहे कन्या भ्रूण हत्या के मामले हमारी व्यवस्था, कानून और सामाजिक चेतना की गंभीर विफलता को उजागर करते है। जहां बेटियों को जन्म से पहले ही मिटा देने का सौदा खुलेआम हो रहा हो, वहां 'बेटी बचाओ' केवल एक नारा बनकर रह जाता है। कुमारी सैलजा ने प्रदेश सरकार से अनुरोध किया है कि इस अमानवीय रैकेट की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों को विधिसम्मत कठोरतम सजा दी जाए। 'बेटी बचाओ' एक अभियान नहीं, एक राष्ट्रीय संकल्प होना चाहिए। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि नागरिक पंजीकरण प्रणाली (सीआरएस) के आंकड़ों के अनुसार हरियाणा में फिलहाल जन्म के समय लिंगानुपात 910 है, जो 2019 के 923 के मुकाबले 08 साल का सबसे कम स्तर है। 2024 में 516,402 बच्चों में से 52.35 प्रतिशत लडक़े और 47.64 प्रतिशत लड़कियां पैदा हुई हैं। हरि की भूमि हरियाणा के पानीपत से ही बेटी बचाओ बेटी पढाओ का नारा दिया गया था, आज प्रशासनिक उपेक्षा के चलते यह सिर्फ नारा ही बनकर रह गया है क्योंकि लिंगानुपात में व्यापक सुधार नहीं दिख रहा है। लिंगानुपात में उतार-चढ़ाव इस बात की ओर संकेत कर रहा है कि कही न कही कुछ तो गड़बड़ हो रही है। लिंग जांच का धंधा हरियाणा में तेजी पकड़ता जा रहा है पर पड़ोसी राज्यों में आज भी जारी है।

### भ्रूण के लिंग की जांच के आरोप

हरियाणा की गर्भवती महिलाओं को पडोसी राज्यों में ले जाकर भ्रूण के लिंग की जांच करवाई जा रही है, लडक़ी होने पर गर्भपात भी करवाया जा रहा है। 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पानीपत की भूमि से 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान शुरू किया था पर 2020 के बाद से लगातार लिंगानुपात में गिरावट जारी है। लिंग निर्धारण रैकेट चलाने वालों ने इस खेल को आगे बढ़ाया है और विशेष पीएनडीटी टीमें और पुलिस अधिकारी खुद को इनके पीछे ही पाते हैं।



## मस्जिद के लाउड स्पीकर की ऊंची आवाज से लोग परेशान


फतेहाबाद। प्रशासन को मांग पत्र सौंपने जाते तहसील चौक क्षेत्र के लोग। फोटो : हरिभूमि

**फतेहाबाद।** शहर के पुरानी तहसील चौक स्थित मस्जिद की लाउड स्पीकर की ऊंची आवाज से आसपास के लोग काफी परेशान है। इस समस्या को लेकर पुरानी तहसील चौक क्षेत्र के लोग उपमंडलाधीश से मिलने लघु सचिवालय पहुंचे और ज्ञापन सौंपकर मस्जिद में लगे लाउड स्पीकर को बंद करवाने की मांग की। एसडीएम से मिलने पहुंचे विश्व हिन्दू परिषद के सुशील गुप्ता, स्वर्णकार सभा के प्रधान कृष्ण सोनी, सचिव सुरेन्द्र सोनी, राजेन्द्र कुमार, राहुल, वरूण, प्रवीन आदि ने बताया कि पुरानी तहसील चौक में एक मस्जिद बनी हुई है जिसमें अलसुबह से देर रात तक पांच बार ऊंची आवाज पर लाउड स्पीकर पर अजानें पढ़ी जाती है। लाउड स्पीकर की आवाज पूरे शहर में सुनाई देती है। इस कारण इस क्षेत्र में रहने वाले लोग परेशान है। खासकर पढऩे वाले बच्चों व बुजुर्गों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इन लोगों ने एसडीएम को मांग पत्र सौंपकर मांग की है कि मस्जिद में बजने वाले तेज आवाज लाउड स्वीकरों पर रोक लगाए जाए ताकि आम जनता को असुविधा का सामना न करना पड़े।

**अभियान** आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए नप ने दिया ठेकेदार को ठेका

**डॉग रेस्क्यू सेंटर पर देर रात जीव प्रेमियों ने जताया विरोध**

# डॉग रेस्क्यू सेंटर पर जीव प्रेमियों का हंगामा, ठेकेदार पर क्रूरता के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

नगरपरिषद द्वारा शहर से आवारा कुत्तों को पकडऩे को लेकर दिए गए ठेके पर सवाल उठने लगे हैं। ठेकेदार द्वारा पकड़े गए कुत्तों के साथ कूररता की सूचना पर खैरातीखेड़ा रोड पर बनाए गए डॉग रेस्क्यू सैंटर पर वीरवार देर रात जीव प्रेमियों ने जमकर हंगामा किया। जीव प्रेमियों ने आरोप है कि सैंटर पर पकड़ कर लाए गए कुत्तों को रखने और उनके खाने-पीने की कोई व्यवस्था नहीं है, जिस कारण कई कुत्तों की हालत बिगड़ गई है। हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई। पुलिसकर्मियों ने भी रेस्क्यू सेंटर को खुलवाकर अंदर का सारा जायजा लिया। बता दें कि हाल ही में नगर परिषद प्रशासन द्वारा शहर में घूम रहे आवारा कुत्तों को पकडऩे के लिए एक एजेंसी को ठेका दिया गया है। शहर से पकड़े गए कुत्तों को रखने के लिए खैरातीखेड़ा रोड पर डॉग रेस्क्यू सेंटर बनाया गया है। यहां पर बड़े पिंजरे रखे गए हैं, जिनमें इन कुत्तों को रखा जाता है। सैंटर पर मौजूद डॉ. प्रवीण कुमार, जतिन, रोहित, सुरेन्द्र आदि ने बताया कि इस डॉग रेस्क्यू सेंटर में कुत्तों को रखने के लिए व्यवस्थाएं सही नहीं है। फिलहाल सेंटर में 25-30 कुत्तों को रखा हुआ है। इतनी गर्मी में इन कुत्तों के लिए सिर्फ एक फर्राटा पंखा लगा रखा है। इन कुत्तों को खाने के लिए भी अधपका सा दलिया दिया जा रहा है। एक-एक पिंजरे में 7-8 कुत्तों को रखा गया है। गर्मी और खाना-पानी न मिलने से कुछ कुत्तों की हालत बेहद खराब है, जिन्हें तत्काल इलाज की जरूरत है। उन्होंने कहा कि डॉग रेस्क्यू सेंटर में कुत्तों को रखा जा रहा है, तो यहां पर इनकी देखभाल के लिए व्यवस्थाएं भी बेहतर होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पशु क्रूरता अधिनियम में प्रावधान है कि किसी भी पकड़े गए जानवर के साथ सलीके से व्यवहार किया जाएगा। उसकी देखभाल की बेहतर तरीके से करनी होगी। पुलिस ने जीव प्ऱेमियों को उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत करवाया।


फतेहाबाद। रेस्क्यू सैंटर में पिंजरे में बंद कुत्ते। फोटो : हरिभूमि

## दशमेश युवा स्पोर्ट्स क्लब ने छात्रों को वितरित किए बैग


फतेहाबाद। मुसाअहली पाठशाला में विद्यार्थियों को स्कूल बैग व स्टेशनरी वितरित करते दशमेश युवा स्पोर्ट्स क्लब सदस्य।

**फतेहाबाद।** गांव मुसाअहली स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला में दशमेश युवा स्पोर्ट्स क्लब द्वारा स्कूल बैग एवं स्टेशनरी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष जीएस पन्नू एडवोकेट अन्य सदस्यों ने विद्यार्थियों को स्कूल बैग एवं अन्य स्टेशनरी वितरित की। नए बैग और स्टेशनरी पाकर स्कूल के नन्हें विद्यार्थी काफी खुश नजर आए। प्रधान जीएस पन्नू ने कहा कि क्लब द्वारा समय-समय पर सरकारी स्कूलों में पाठ्य सामग्री का वितरण किया जाता है। उन्होंने बताया कि क्लब का उद्देश्य निर्धन और जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के लिए बेहतर संसाधन उपलब्ध कराना है ताकि वह बेहतर शिक्षा ग्रहण कर सकें। प्राथमिक पाठशाला के इंचार्ज ने क्लब सदस्यों का स्वागत किया और इस सहयोग के लिए उनका आभार जताया। इस अवसर पर हरपाल सिंह पन्नू उपाध्यक्ष, शमशेर सिंह सचिव, कुलबीर लाहौरिया संयुक्त सचिव, पलविंदर सिंह विर्क संस्थापक सदस्य, अनिल कुमार कैशियर, गुरतेज सिंह विर्क संस्थापक सदस्य आदि रहे।

## मेडिकल शॉप से हजारों की नकदी व कैमरा चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने शहर के भट्टू रोड स्थित मेडिकल शॉप से हजारों की नकदी व अन्य सामान चोरी कर लिया। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव अयाल्की निवासी विनीत कुमार ने कहा है कि उसकी फतेहाबाद में भट्टू रोड पर नारंग ढाबा के पास गुरू जम्भेश्वर मेडिकल नाम से दुकान है। गत दिवस रात को वह दुकान बंद करके घर चला गया था। अगले दिन सुबह उसके पड़ोसी ने उसे चोरी की सूचना दी।

**बेदखली सूचना**

मैं बिल्लो रानी विधवा कृष्ण प्रभाकर पुत्र नत्थू राम निवासी मेडिकल एन्क्लेव टोहाना, तहसील टोहाना, जिला फतेहाबाद ब्यान करती हूं कि मेरा पुत्र विक्रम सिंह मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर है। इसीलिए मैं उसे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उससे लेन-देन करने वाला खुद जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

शपथकर्ता

**खबर संक्षेप**

### निःशुल्क जांच शिविर 13 अप्रैल को

**सिरसा।** डबवाली रोड स्थित न्यू लाइफ केयर अस्पताल में आगामी 13 अप्रैल निःशुल्क हृदय, शुगर एवं अस्थमा रोग जांच का शिविर लगाया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए अस्पताल के संचालक डा. दिनेश गिजवानी ने बताया कि 13 अप्रैल को सुबह 10 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक शिविर अस्पताल में ही आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में ओपीडी व हृदय रोगियों की ईसीजी निःशुल्क रहेगी। इसके साथ-साथ शुगर के मरीजों का टेस्ट भी फ्री किया जाएगा।

### नशे के खिलाफ जागरूक करेगी साइक्लोथॉन

**सिरसा।** नशे के खिलाफ आमजन में जागरूकता के लिए प्रदेश में जारी साइक्लोथॉन-2.0 का जिला सिरसा के डिंग बार्डर पर 26 अप्रैल को भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके बाद 27 अप्रैल को सुबह 6 बजे शहीद भगत सिंह स्टेडियम से मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी यात्रा को हरी झंडी दिखाकर डबवाली के लिए रवाना करेंगे। यह यात्रा जिला के 22 गांवों व दो शहरी क्षेत्रों से निकलते हुए आमजन को नशा मुक्ति का संदेश देगी। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने बताया कि साइक्लोथॉन को लेकर जिला वासियों में भारी उत्साह है, विभिन्न संगठन, धार्मिक व सामाजिक संस्थाएं, एनजीओ, पंचायतें इस यात्रा में अपनी सक्रिया भागीदारी निभाएगी। उन्होंने बताया कि यात्रा का रूट तय कर दिया है और अन्य तैयारियां भी की जा रही है।

### हेरोइन सहित युवक गिरफ्तार, केस

**सिरसा।** सीआईए सिरसा पुलिस टीम ने गश्त व चेकिंग के दौरान बड़ागुढा थाना क्षेत्र के गांव साहुवाला प्रथम से एक युवक को हजारों रुपए की 10 ग्राम 25 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार करने मे सफलता हासिल की है। सीआईए सिरसा प्रभार प्रेम कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान रवि कुमार पुत्र रघुबीर चंद निवासी वार्ड नंबर 4 डबवाली जिला सिरसा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि सीआईए सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान साहुवाला प्रथम से गांव खैरेकां की तरफ जा रही थी । इसी दौरान पुलिस पार्टी जब साहुवाला से बडागुढा मोड़ पर पंहुची तो सामने मोड़ पर एक युवक आता खड़ा दिखाई दिया। पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक घबरा गया और वापस मुडक़र तेज-तेज कदमों से चल कर भागने का प्रयास करने लगा तो शक के आधार पर पुलिस पार्टी ने उक्त युवक को काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी ली,तो उसके कब्जा से 10 ग्राम 25 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### बाइक चोरी का आरोपी गिरफ्तार, केस

**सिरसा।** पुलिस ने बरनाला रोड़ स्थित जेसीडी विद्यापीठ से मोटरसाइकिल चोरी की घटना को सुलझाते हुए एक युवक को काबू कर लिया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी रामकुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गुरमीत सिंह उर्फ गीतू पुत्र बुटा सिंह निवासी हदला कलां जिला मनसा पंजाब के रुप में हुई है। पुलिस टीम ने जांच के दौरान महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को शहर सिरसा क्षेत्र से काबू कर उसकी निशानदेही पर चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद कर लिया है । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का अपराधिक रिकार्ड खंगाला जा रहा है। थाना प्रभारी ने बताया की गिरफ्तार किए गए आरोपी को अदालत में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन कर नाराजगी जताई

# कौशल रोजगार में लगे शिक्षकों और कर्मियों को हटाने के विरोध में प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। डीसी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत लगे कर्मचारियों और अध्यापकों को हटाए जाने के विरोध में सर्व कर्मचारी संघ जिला फतेहाबाद के आह्वान पर कर्मचारियों द्वारा शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया गया। डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों व अध्यापकों ने जमकर नारेबाजी की। इसके बाद तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर हटाए गए कर्मचारियों को तुरंत वापस नौकरी पर रखे जाने की मांग की। इस धरने-प्रदर्शन की अध्यक्षता कृष्ण जाखड़ ने की व संचालन सचिव सुरजीत दुसाद ने किया। धरने को सम्बोधित करते हुए सर्व कर्मचारी संघ के जिला सचिव सुरजीत दुसाद, रिटायर कर्मचारी संघ के नेता बेगराज, कृष्ण चमारखेडा, अध्यापक संघ के जिला प्रधान राजपाल मिताथल, सकसं सहसचिव देवीलाल ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न विभागों में से हटाए गए हरियाणा कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों को वापिस लेने व आगे से न हटाते हुए रेगुलर करने की मांग को लेकर आज प्रदर्शन किया गया है। हरियाणा सरकार द्वारा अपनी आउटसोर्स पॉलिसी के तहत विभिन्न विभागों में कच्चे कर्मचारी लगाए जाते हैं, जिनको लगाने के लिए अब हरियाणा कौशल रोजगार निगम बना दिया गया है। इसके माध्यम से सभी विभागों में अलग-अलग पदों पर कर्मचारी लगाए जाते हैं। सरकार द्वारा इन कर्मचारियों के लिए जॉब सिक्योरिटी अधिनियम भी बनाया गया है, उसके बावजूद भी हाल ही में सरकार के द्वारा विभिन्न विभागों में से एचकेआरएन के माध्यम से लगे कर्मचारियों को नौकरी से हटाया गया है। इन कर्मचारियों व अध्यापकों को कार्य करते हुए कई कई वर्ष हो चुके हैं परन्तु अब इन्हे नौकरी से हटा दिया गया है, जो कि गलत है। सर्व कर्मचारी संघ इसका विरोध करता है और मांग करता है कि हटाए गए एचकेआरएन में लगे कर्मचारियों को वापस नौकरी पर रखा जाए तथा आगे से नौकरी से हटाना बंद किया जाए। एक समुचित रेगुलराइजेशन की नीति बनाकर इन सभी कर्मचारियों को पक्का किया जाए। इसके अलावा भी अन्य प्रकार के तमाम कच्चे कर्मचारियों को एक समग्र नीति बनाकर रेगुलराइज किया जाए। आज के धरने को रजवन्त रतिया, देशराज माचरा अध्यापक संघ, संजय बिजली बोर्ड, ईश्वर सिंह, धर्मपाल, प्रेम कुमार बिजली विभाग, शमा रानी, हनुमान, अनिल व अन्य मौजूद रहे।



सिरसा। गांव केहरवाला में जसबीर सिंह जस्सा को सम्मानित करते ग्रामीण।

## इनेलो नेता ने केहरवाला में की कार्यकर्ताओं से भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

इनेलो के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष जसबीर सिंह जस्सा ने गांव केहरवाला में पार्टी कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनी। इस दौरान जसवीर सिंह जस्सा ने कहा कि पार्टी द्वारा उनको सौंपी गई जिम्मेवारी को पूर्ण निष्ठा व बिना किसी भेदभाव व पक्ष-विपक्ष के निभाने का कार्य करेंगे तथा पार्टी को और मजबूत बनाने की हर संभव कोशिश करेंगे। जस्सा ने कहा कि जिले का कोई भी सदस्य अपने समस्या को लेकर बेझिझक मुझ से मिल सकता है हमारी ओर से उसे हर संभव सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 में बहुत से पार्टी समर्थक किसी कारणवंश दूसरी ओर चले गए, लेकिन अब माहौल बदल रहा है।

### खंड फतेहाबाद की विभिन्न ग्राम पंचायतों की मतदाता सूचियों का हुआ प्रारंभिक प्रकाशन

**फतेहाबाद।** हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम, 1994 के प्रावधानों के तहत खंड फतेहाबाद के ग्राम पंचायत काताखेड़ी, अहलीसदर, ढाणी बिंजा लांबा, बनगांव, दरियापुर, चिंदड़ और एमपी रोही प्रथम की मतदाता सूची का वार्ड वाइज ड्राफ्ट तैयार हो चुका है, जिसका प्रारंभिक प्रकाशन उपमंडलाधीश एवं जिला निर्वाचक अधिकारी राजेश कुमार द्वारा शुक्रवार को कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अगर किसी व्यक्ति को इन मतदाता सूचियों के संबंध में कोई आपत्ति अथवा दावा हो तो वे 12 अप्रैल से 18 अप्रैल तक संबंधित ग्राम पंचायत के कार्यालय अथवा खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी फतेहाबाद के कार्यालय या एसडीएम कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में कर सकते हैं।

जिले में आवक ने पकड़ा जोर

## फतेहाबाद की मंडियों में अब तक 77929 क्विंटल सरसों फसल की हुई आवक

डीसी बोलीं- मंडियों में तेजी से हो रहा उठान का कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



जिला की विभिन्न अनाज मंडियों में सरसों फसल की आवक जोरों पर है। जिला में अब तक 77929 क्विंटल सरसों फसल की आवक हुई है, जिसमें से 55343 क्विंटल सरसों फसल की खरीद की जा चुकी है। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि मंडियों से सरसों फसल के उठान कार्य भी निरंतर किया जा रहा है। जिला में अब तक 34466 क्विंटल सरसों फसल का उठान हो चुका है। उन्होंने बताया कि जिला में अब तक 77929 क्विंटल सरसों फसल की आवक हुई है, जिसमें से फतेहाबाद अनाज मंडी में 11453 क्विंटल, भट्टू कलां में 33598 क्विंटल तथा भूना में 32878 क्विंटल शामिल है। जिला की मंडियों से 55343 क्विंटल सरसों फसल की खरीद की जा चुकी है जिसमें से फतेहाबाद अनाज मंडी में 5041 क्विंटल, भट्टू कलां में 28874 क्विंटल तथा भूना में 21428 क्विंटल शामिल है। मंडियों से सरसों फसल के उठान कार्य भी निरंतर किया जा रहा है। जिला में अब तक 34466 क्विंटल सरसों फसल का उठान हुआ है जिसमें से फतेहाबाद अनाज मंडी में 6289 क्विंटल, भट्टू कलां में 8151 क्विंटल तथा भूना में 20026 क्विंटल फसल का उठान हुआ है। उपायुक्त ने किसानों से अपील की है कि वे अपनी सरसों की फसल को सूखाकर व तयमानकों अनुसार खरीद केंद्रों व अनाज मंडियों में लेकर आए ताकि उनकी फसल की जल्द खरीद हो सके। उपायुक्त ने संबंधित विभाग व एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वे खरीद केंद्रों में किसानों की सुविधा के लिए तमाम प्रबंध करवाना सुनिश्चित करें ताकि किसानों को परेशान न हो।

## टोहाना में महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती पर कार्यक्रम, पूर्व मंत्री ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

बबली ने महात्मा फुले की प्रतिमा पर की माला अर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

टोहाना के टाउन पार्क में महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। आयोजकों ने उनका भव्य स्वागत किया। पूर्व मंत्री देवेंद्र बबली ने महात्मा फुले की प्रतिमा पर माला अर्पित की। उन्होंने कहा कि महात्मा फुले एक महान समाज सुधारक थे। उन्होंने समाज से कई कुप्रथाओं को दूर करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

पूर्व मंत्री ने कहा कि फुले ने महिला शिक्षा के अधिकार के लिए दृढ़ता से काम किया। उनके प्रयासों की वजह से आज महिलाओं को समाज में बराबरी का दर्जा मिल रहा है। समाज उनके बलिदान और योगदान को कभी नहीं भूल सकता। बबली ने कहा हर साल 11 अप्रैल को भारत देश में वंचितों, शोषितों और महिलाओं के सशक्तिकरण व उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई जाती है।

**समाज सुधार में अहम योगदान**

*पूर्व मंत्री ने कहा कि 19वीं सदी के महान भारतीय विचारक और समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले अति-शूद्रों व महिलाओं के लिए शिक्षा के दरवाजे खोले और सत्यशोधक समाज के जरिए क्रांति की मशाल जलाई। महात्मा ज्योतिबा फुले सामाजिक सशक्तिकरण के एक ऐसे पर्याय हैं जिन्होंने अपना जीवन राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित किया। स्त्रियों की शिक्षा एवं समाज को अन्य कुरीतियों से मुक्ति दिलाने के लिए उन्होंने बड़े पैमाने पर आंदोलन चलाए। कार्यक्रम में कृष्ण सैनी, काका सैनी, संकेत गर्ग और सुभाष गर्ग सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।*

### वर्दी भत्ता बंद करने से कर्मचारियों में रोष

**फतेहाबाद।** चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के वेतन के साथ वर्दी भत्ते को बंद करने के फैसले से इन कर्मचारियों में काफी रोष है। दोबारा से वेतन के साथ वर्दी भत्ता देने की मांग को लेकर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी यूनियन के आह्वान पर कर्मचारियों ने लघु सचिवालय पर धरना देकर रोष जताया। कर्मचारियों ने जिला उपायुक्त को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपा। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी यूनियन के जिला प्रधान विनोद कुमार, सुखदेव सिंह, सुभाष चन्द्र, जग्गा राम, गीता आदि ने बताया कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को पहले वेतन में ही 440 रुपये वर्दी भत्ता मिलता था लेकिन अब 1 अप्रैल 2025 से हर वर्ष यह भत्ता एकमुश्त 5280 रुपये बिल भुगतान से मिलेगा।

*नशे को समाज से खत्म करेंगे*

## साइक्लोथॉन रैली की तैयारियों की एडीसी ने की समीक्षा, अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर साइक्लोथॉन रैली की तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

एडीसी ने बताया कि इस साइक्लोथॉन का मुख्य उद्देश्य नशे को जड़ से उखाड़ फेंकने के साथ-साथ युवाओं को स्वस्थ और नशा मुक्त जीवनशैली की ओर प्रोत्साहित करना है। साइक्लोथॉन के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के महत्व के प्रति जागरूक किया जाएगा और उन्हें नशे के हानिकारक प्रभावों के बारे में भी अवगत करवाया जाएगा।

बैठक के दौरान एडीसी ने संबंधित विभागों द्वारा की जा रही तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा की और उन्हें जरूरी दिशा निर्देश दिए। इसके पश्चात झलनिया होते हुए फतेहाबाद पहुंचेगी और रात्रि ठहराव फतेहाबाद होगा और 26 अप्रैल को गांव दरियापुर होते हुए सिरसा पहुंचेगी।

उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि इस साइक्लोथॉन में समाज के हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। यह साइक्लोथॉन यात्रा विभिन्न जिलों से होते हुए जिला फतेहाबाद में 25 अप्रैल को प्रवेश करेगी। इसके उपरांत 26 अप्रैल को सिरसा जिला में पहुंचेगी।

**जागरूक किया जाएगा**

उन्होंने बताया कि जिला के युवाओं को नशे से मुक्त जीवन का संदेश देने एवं नशा न करने के लिए जन जागरण संदेश को लेकर अप्रैल माह में साइक्लोथॉन रैली जिला में पहुंचेगी। इस रैली में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और फिटनेस को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया जाएगा। यह साइकिल रैली 25 अप्रैल को हिसार जिला की सीमा से फतेहाबाद जिला के खंड भूना से जांडली खुर्द गांव से प्रवेश करेगी।

## प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन



**सिरसा।** राजकीय महिला महाविद्यालय में पंजाबी विभाग द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़ चढक़र भाग लिया। यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. विक्रमजीत सिंह ने बताया कि इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में 4 टीमें गठित की गई। इन टीमों में टीम डी कमलदीप कौर,जसविंदर कौर ,यशिका ने प्रथम स्थान, टीम ए जशन कौर, सिमरन कौर,सिमरनजीत कौर ने दूसरा स्थान औरटीम बी पायल, कविता देवी, दिशा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य प्रो रामकुमार जांगड़ा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि कॉलेज में होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेते रहना चाहिए ।

*मिढ़ा बोले युवा नशे से दूर रहें*

## मिढ़ा ने कबीर धर्मशाला से की स्वच्छता अभियान की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। कबीर धर्मशाला से स्वच्छता अभियान की शुरूआत करते भाजपा नेता।

भाजपा द्वारा स्थापना दिवस के अवसर पर चलाए जा रहे गांव चलो बस्ती चलो अभियान के दौरान आज वरिष्ठ भाजपा नेता टेकचंद मिढ़ा ने फतेहाबाद की कबीर धर्मशाला से स्वच्छता अभियान की शुरूआत की। कबीर धर्मशाला में संत कबीर दास जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए, तत्पश्चात झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान में भाग लिया। टेकचंद मिढ़ा ने इस अवसर पर मौजूद युवाओं को नशे आदि से दूर रहकर देश व समाज के हितकारी कार्यों में बढ़-चढक़र भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार न केवल विकास की गति को बढ़ा रही है, बल्कि समय समस पर स्वच्छता अभियान चलाकर समाज में लगातार बदलाव ला रही है। इसलिए हम सबका यह फर्ज बनता है कि हम इन सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ाए।

## रवि कुमार ने इंटरनेशनल बेल्ट कुश्ती में पदक जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। पदक विजेता रवि को सम्मानित करते शहीद बाबा दीप सिंह कॉलेज के प्रबंधक।

गांव अहरवां स्थित शहीद बाबा दीप सिंह वेटरनरी एवं एनिमल साइंस महाविद्यालय के पूर्व छात्र मिस्टर रवि कुमार ने शहीदे-ए-आजम मैमोरियल इंटरनेशनल बेल्ट कुश्ती कप 2025 में कांस्य पदक जीता है। यह चैम्पियनशिप 21 से 23 मार्च को रोहतक में हुई थी।

**सम्मानित किया**

पदक विजेता रवि कुमार को आज कॉलेज में आमंत्रित किया गया और उन्हें स्मृति चिन्ह व नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक डॉ. वीरेंद्र सिवाच, चेयरपर्सन शरणजीत कौर, सचिव हरमीत सिंह, प्राचार्य डॉ. सुधीर खन्ना, शिक्षण महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. ममता चौधरी , नर्सिंग महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अनूप संधू व स्टाफ सदस्यों द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. सज्जन सिंह, डॉ. बलवंत खत्री, डॉ. काशीराम, डॉ. धूप सिंह, प्रवक्ता रसपाल सिंह, विकास कुमार, रविकांत गर्ग, पलविंदर कौर व सभी स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

## टोहाना पुलिस ने डोडा पोस्त सहित एक युवक को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्त अभियान के तहत पुलिस ने टोहाना क्षेत्र से एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान पालाराम उर्फ राजपाल पुत्र जीत सिंह निवासी रविदास मोहल्ला, टोहाना के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना प्रभारी इंस्पैक्टर प्रहलद सिंह ने बताया कि सीआईए टोहाना पुलिस की टीम पीएसआई अजय के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। टीम जब रविदास मोहल्ले में शिवा गली के पास पहुंची तो गली में एक युवक मोटरसाइकिल पर प्लास्टिक कट्टा रख रहा था। उक्त युवक पुलिस को देखकर घबरा गया और प्लास्टिक कट्टे को लेकर घर में घुसने लगा। शक के आधार पर पुलिस कर्मचारियों ने युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम पालाराम उर्फ राजपाल बताया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 11 किलो 362 ग्राम कचरा डोडा पोस्त बरामद हुआ। इस पर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर थाना शहर टोहाना में उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

केसंट स्कूल में बच्चों ने समां बांधा

'कनकां दा रंग उड़या, मेरी वेख फुलकारी' गीत पर छात्राओं के गिद्दे ने मचाई धूम

## 'नई फसल नया उल्लास' बैसाखी पर्व का रंगारंग आयोजन



फतेहाबाद। क्रेसंट स्कूल में बैसाखी पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी।

**फतेहाबाद।** क्रेसंट स्कूल में सिख धर्म के दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह द्वारा खालसा पंथ की स्थापना दिवस एवं परंपरा, प्रकृति व प्रसन्नता के संगम थीम के साथ बैसाखी पर्व का आयोजन अत्यंत उत्साह एवं गरिमापूर्ण वातावरण में किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए न केवल एक सांस्कृतिक उत्सव रहा, अपितु भारतीय परंपरा, कृषि महत्त्व एवं सामाजिक मूल्यों से जुडऩे का एक प्रभावशाली माध्यम भी सिद्ध हुआ। कार्यक्रम की विशेषता प्री-प्राइमरी विंग के विद्यार्थियों की आकर्षक एवं सक्रिय सहभागिता रही। पारंपरिक परिधान धारण किए नन्हें -मुन्ने विद्यार्थियों ने फुलकारी, चरखा, पंखे आदि पारंपरिक वस्तुएं धारण कर मंच की शोभा को बढ़ा दिया।

**बच्चों ने पर्व का ऐतिहासिक महत्व बताया**

प्राइमरी विंग के छात्र पार्थ के मंच संचालन में रचित व गर्व ने बैसाखी के ऐतिहासिक व सांस्कृतिक महत्व पर सौम्य एवं अनुशासित ढंग से सुविचार प्रस्तुत किए। युग ने अपने सुव्याख्यान के माध्यम से बैसाखी पर्व से जुड़े खालसा पंथ एवं फसल के मौसम की शुरुआत का वर्णन किया। छात्रा यशिका ने 'देखो है आया बैसाखी का त्योहार, चारों तरफ है छाई फसलों की बहार' कविता का सस्वर वाचन किया। कक्षा पांचवी के विद्यार्थियों ने 'कनकां दा रंग उड़या, मेरी वेख फुलकारी' गीत के साथ गिद्धा एवं भंगड़ा की सजीव प्रस्तुतियां दी।